‘राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे ।।
सहस्त्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने ।।’

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 79 | इंदौर, बुधवार 01 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. US: 'अगर नोबेल शांति पुरस्कार न मिला तो यह अमेरिका का अपमान', ट्रंप ने दोहराया सात संघर्षों को रोकने का दावा
2. Philippines: चक्रवाती तूफान के पांच दिन बाद आया भीषण भूकंप, 31 की मौत; मलबे में दबने से गईं अधिकतर जानें

सीएम डॉ. यादव बोले-

# प्रभारी मंत्री अपने जिलों में करें योजनाओं की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में चल रही विकास गतिविधियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा है कि प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में नियमित रूप से समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि आम नागरिकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार



की सभी योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका लाभ जमीन स्तर पर समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचे। प्रभारी मंत्रियों की जिम्मेदारी है कि वे जिलों का दौरा कर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक लें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो।

डॉ. यादव ने जानकारी दी कि अक्टूबर माह में राज्य स्तर पर कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इस सम्मेलन में सभी मंत्रीगण, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, आईजी, विभाग प्रमुख और सचिवालयीन अधिकारी शामिल होंगे। इस बड़े सम्मेलन का उद्देश्य आगामी वर्ष की विकास कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करना और प्राथमिकताओं को तय करना है। मुख्यमंत्री ने सभी कमिश्नर और कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे कॉन्फ्रेंस से पहले अपने-अपने क्षेत्रों की विकास कार्ययोजना तैयार कर लें। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, महिला एवं बाल विकास, उद्योग और कृषि जैसे क्षेत्रों को विशेष महत्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति और आने वाली चुनौतियों पर चर्चा से प्रदेश के विकास की रफ्तार और तेज होगी।

## मोदी दुर्गा पूजा पांडाल पहुंचे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के चित्तरंजन पार्क (सीआर पार्क) में आयोजित दुर्गा पूजा में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। इससे पहले उन्होंने काली बाड़ी मंदिर में भी आरती की। सीआर पार्क इलाके को मिनी कोलकाता के रूप में जाना जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पीएम ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। दिल्ली पुलिस ने इसको लेकर पहले ही एडवाइजरी जारी कर दी थी।

## मानसून सीजन खत्म

भारत में चार महीने का मॉनसून सीजन (जून-सितंबर) मंगलवार को समाप्त हो गया। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने यह जानकारी मंगलवार को दी। इस सीजन 937.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य बारिश 870 मिमी से 8% ज्यादा रही। आमतौर पर देश में मानसून केरल के रास्ते 2 जून को आता है, लेकिन इस बार 8 दिन पहले 24 मई को ही आ गया था। हालांकि देश के कुछ हिस्सों में बारिश जारी है।

## लद्दाख के लोगों से धोखा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा, 'PM मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे।' उन्होंने X पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा- पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है। हिंसा और भय की राजनीति बंद करें।

RSS का शताब्दी समारोह : सरकार्यवाह होसबाले ने कहा-

# संघ किसी का विरोधी नहीं, हमें किसी का सर्टिफिकेट नहीं चाहिए




◆ PM ने डाक टिकट, सिक्का जारी किया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) का शताब्दी समारोह दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर शुरू हो गया है। इस मौके पर PM नरेंद्र मोदी बुधवार ने आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया।**

आरएसएस के सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ के 100 साल की यात्रा रोचक है। आज देश के हर हिस्से में स्वयंसेवक मौजूद हैं। वे समाज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संघ को कोई सर्टिफिकेट नहीं चाहिए, हम किसी का विरोध नहीं करते। इसलिए स्वयं सेवक निस्वार्थ होकर काम करता है। राष्ट्र के लिए सबकुछ है, मेरा कुछ नहीं है,इस भाव से कार्यकर्ता काम कर रहा है। RSS दशहरा से अपना शताब्दी वर्ष कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके तहत 2 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2026 तक देशभर में सात बड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत अमेरिका और यूरोप के कुछ देशों में कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं।

मोदी स्वयं RSS के प्रचारक थे और भाजपा में आने से पहले उन्होंने एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। भाजपा अपनी वैचारिक प्रेरणा RSS से लेती है।

# वन विहार आज से बनेगा नो-व्हीकल जोन

◆ 1 से 7 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह, सीएम करेंगे शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में वन्य जीवों के संरक्षण और सह-अस्तित्व के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2025 तक 'राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह' का आयोजन वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन की थीम मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व रखी गई है। वन्यजीव सप्ताह 2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री मोहन यादव और वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर वन विहार की गोल्फ ई-कार्ट का फ्लैग ऑफ किया जाएगा। इसके साथ ही वन विहार को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया जाएगा, जिसमें अब निजी वाहनों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। पर्यटकों को पार्क में घूमने के लिए गोल्फ कार्ट्स और साइकिल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



प्रथम दिवस 1 अक्टूबर को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा, जिसमें विद्यालयीन, महाविद्यालयीन और दिव्यांग विद्यार्थी भाग लेंगे। इसके पश्चात 10:50 बजे से “भारत के वन्यजीव, उनका रहवास और आपसी संचार” विषय पर केंद्रित फोटो प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा।

**7 दिवसीय कार्यक्रम में होंगी अनेक गतिविधियां** - रन फॉर वाइल्डलाइफ ,बर्ड वॉचिंग,बटरफ्लाई वॉचिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता,युवा संसद,ट्रेजर हंट,फेस पेंटिंग,रंगोली और सृजनात्मक कार्यशालाएं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को वन्यजीव संरक्षण की दिशा में प्रेरित करना और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

# 'दुनिया में सबसे दुर्लभ अपने आराध्य का आशीर्वाद मिलना'

## 2 अक्टूबर तक वीआईपी परस्पर नगर में होगा पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में आयोजन

◆ कलाकार ने भेंट की जगतगुरू को पेंटिंग





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दुनिया का सबसे दुर्लभ काम अपने आराध्य का आशीर्वाद मिलना है, क्योंकि इसके बाद कुछ बाकी नहीं रहता। ये बातें कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने सोमवार की रात देवी भागवत कथा के दौरान श्रवण कर रहे भक्तों और अनुयायियों से कही। उन्होंने सोमवार को मां महागौरी के बारे में भक्तों को बताया और कल भक्तों के इष्ट के प्रत्यक्ष दर्शन भी कराए। भक्तों ने आखिर में अपने साथ हुए अनुभवों को बताया। इससे पहले भक्त यहां भजनों पर जमकर झूमे और भक्ति भाव में लीन दिखे।**

जगतगुरु ने भक्तों को बताया कि नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। मां का स्वरूप श्वेत वस्त्रों में अलंकृत, अत्यंत शांत और सौम्या है। वे पवित्रता, सद्गुण और तपस्या की प्रतीक मानी जाती है। मां महागौरी की आराधना से भक्त के सभी पाप नष्ट होते हैं और जीवन निर्मल व पवित्र बनता है। माना जाता है कि मां का आशीर्वाद साधक को वैवाहिक सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करता है। मां की कृपा से जीवन से दुख, दरिद्रताओं और बाधाएं दूर हो जाती है और सुख-समृद्धि का संचार होता है।

ये नवरात्रि महामहोत्सव वीआईपी परस्पर नगर, इंदौर में 22 सितंबर से कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में चल रहा है। यहां हर दिन विशेष साधना, महायज्ञ, देवी भागवत कथा, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हो रही है। ये अद्वितीय धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक चलेगा। मंगलवार को भी सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष साधना के बाद कुमकुम अर्चन, महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई।

कल देवी भागवत कथा से पहले मध्यप्रदेश के राजगढ़ ब्यावरा के एक कलाकार ललित नागर ने कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज की बनाई पेंटिंग भेंट की। नागर ने बताया कि वे जगतगुरू के भक्त हैं और ये पेंटिंग तैयार करने में उन्हें दो दिन का समय लगा। जगतगुरू ने इस दौरान कलाकार को आशीर्वाद दिया।

### रमेश मेंदोला और अन्य पहुंचे

कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज का आशीर्वाद लेने सोमवार को विधायक रमेश मेंदोला और प्रजापिता ब्रह्मकुमारी से दीदियां पहुंची। कुछ अन्य संत और नागरिक भी दर्शन लाभ के लिए कल देवी भागवत कथा में पहुंचे।

### दिन बढ़ने के साथ बढ़ती जा रही भीड़

25 एकड़ में फैले इस अति विशाल पंडाल को देखने और दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की भारी भीड़ वैसे तो पहले दिन से है, लेकिन अब जैसे-जैसे नवरात्रि के दिन खत्म हो रहे हैं, यहां भक्तों की भीड़ में इजाफा होता जा रहा है। हर दिन ये संख्या बढ़ती जा रही है। लाखों भक्त यहां आ रहे हैं और निःशुल्क उपवास और सामान्य भोजन प्रसादी का लाभ ले रहे हैं।

# मंत्री श्री सिलावट सहित जनप्रतिनिधियों ने स्व. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर श्रृद्धा-सुमन किए अर्पित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर आज इन्दौर के बंगाली चौराहा पर स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रृद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सहित अन्य विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर श्रृद्धा-सुमन अर्पित कर श्रृद्धाजलि दी।**

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि स्वर्गीय श्री सिंधिया ने जीवन भर समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों की सेवा को अपना धर्म माना। वे प्रेरणापुंज है। उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना। सादगी, दूरदर्शिता और समाज के प्रति अटूट समर्पण के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने जीवन भर समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों की सेवा को अपना धर्म माना, हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलना चाहिए और गरीबों की सेवा करना चाहिए।

इस अवसर पर विधायक सर्वश्री रमेश मेंदोला, मधु वर्मा तथा महेन्द्र हार्डिया, पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता, पूर्व महापौर श्री कृष्णकांत मोघे, नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, श्री राजेन्द्र राठौर, श्री अजयसिंह नरूका, श्री मोहन सेंगर, जनपद अध्यक्ष श्री विश्वजीतसिंह सिसौदिया, एमआईसी सदस्य श्री नन्दू पहाडिया, श्री अभिषेक बब्लू शर्मा, श्री राजेश उदावत, पार्षद श्री कमल वाघेला, श्री योगेश गेंदर, श्री मनोज मिश्रा, श्री सुरेश कुरवाडे, श्री राकेश सोलंकी, श्री विजय यादव, श्री पवन जायसवाल, श्री पप्पु शर्मा, श्री राजेश पाण्डेय, किरण सूर्यवंशी, वंदना सिंह, श्री विष्णु चौधरी, श्री यशवंत शर्मा, श्री लक्की अवस्थी, श्री अर्जुन क्षत्रिय, श्री पवन तिवारी, श्री रजनीश वर्मा सहित सैकडों कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर मार्त्यापण किया।

# जिले में एक अक्टूबर को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

### वृद्धजनों के सम्मान और सेवा के लिए समर्पित होंगे अनेक कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में 01 अक्टूबर 2025 बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा। इस दिन वृद्धजनों के सम्मान और सेवा के लिए समर्पित अनेक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने इस दिन आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश जारी करते हुए अधिकारियों को विभिन्न दायित्व भी सौंपे है। जिले में सौ अथवा इससे अधिक आयु के बुजुर्गों का घर-घर जाकर सम्मान किया जायेगा। इस दिन जिला स्तरीय कार्यक्रम आस्था वृद्धजन आश्रम कल्याण मित्र समिति परदेशीपुरा इंदौर में आयोजित किया जायेगा, जिसमें अंतःवासियों का सम्मान, वृद्धजनों की सेवा में समर्पितजनों का सम्मान किया जायेगा। इंडोर गेम केरम, लूडो, शतरंज, गीत, संगीत प्रतियोगिता का आयोजन, प्रशंसा पत्र वितरण अनेक कार्यक्रम होंगे। जिले में 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों का शताय सम्मान शाल, श्रीफल, फूल माला के साथ उनके निवास स्थान पर जाकर किया जायेगा। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित एस.डी.एम. तथा नगरीय क्षेत्र में नगर निगम इंदौर को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही वृद्धाश्रम में निवासरत् वृद्धजनों को संस्था स्तर पर ही सम्मान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा जिला अस्पतालों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क दवा वितरण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित करेंगे। Generation Gap दूर करने के लिए महाविद्यालय/विद्यालयीन छात्र/छात्राओं और युवाओं के साथ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम उच्च शिक्षा/शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किये जायेंगे।

# पाथ इंडिया ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी

### अनिल अंबानी केस से जुड़ रही लिंक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह इंदौर के पाथ इंडिया ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की टीम पांच-छह गाड़ियों के साथ पाथ इंडिया के महू के 76 माल रोड स्थित मुख्यालय और डायरेक्टर्स के घर पर पहुंची है। टोल सड़कों सहित अन्य प्रोजेक्टों में मिली गड़बड़ियों की शिकायत के बाद कार्यवाही होने की जानकारी सामने आ रही है।**

पाथ ग्रुप के एमडी नितिन अग्रवाल हैं, जबकि निपुण अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल, नीति अग्रवाल और संतोष अग्रवाल डायरेक्टर के पद पर हैं। इसके अलावा आशीष अग्रवाल और आदित्य उपाध्याय इंडिपेंडेंट डायरेक्टर हैं। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (ISPL) की मुंबई टीम में अमिताभ बच्चन के साथ पाथ इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर नीतिअग्रवाल सह-मालिक के रूप में जुड़ी है। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी अनिल अंबानी से संबंधित बैंक लोन घोटाले की जांच का भी हिस्सा है। ईडी को इनपुट मिले थे कि अनिल अंबानी की एक कंपनी और पाथ ग्रुप के बीच कई निर्माण कार्यों को लेकर समझौते हुए हैं। ईडी को संदेह है कि इन समझौतों की आड़ में करोड़ों रुपए की राशि इधर-उधर की गई है। करीब दस साल पहले पाथ ग्रुप पर आयकर विभाग ने भी छापा मारा था। उस समय सामने आया था कि राजस्थान में एक हाईवे निर्माण परियोजना का ठेका अनिल अंबानी की कंपनी को मिला था, जिसे पाथ ग्रुप को पेटी कॉन्ट्रैक्ट के तौर पर सौंपा गया। इस प्रोजेक्ट को लेकर दो अलग-अलग अनुबंध बनाए गए थे। एक आधिकारिक और दूसरा गोपनीय। सूत्रों के अनुसार, इस गुप्त करार में यह प्रावधान था कि कंपनी को मिलने वाली अतिरिक्त राशि को अन्य कंपनियों के माध्यम से शिफ्ट किया जाएगा। आयकर विभाग की जांच में यह भी सामने आया था कि इस राशि को देशभर की अलग-अलग कंपनियों से ट्रांसफर किया गया और फिर यह पैसा दुबई के माध्यम से दोबारा भारत में लाया गया। इन लेन-देन से लाभ उठाने वाली कंपनियों के तार अनिल अंबानी के ग्रुप से जुड़े हुए पाए गए थे।



### इंदौर सहकारी दुग्ध संघ की 42वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

# साँची री-ब्रांड होकर टॉप ऑफ द माइंड उभरेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित इंदौर का 42वां वार्षिक साधारण सभा का सम्मेलन नगर के गुरू अमरदास हॉल में सम्पन्न हुआ। वार्षिक साधारण सभा की अध्यक्षता करते हुए दुग्ध संघ के प्राधिकारी अधिकारी व संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने उद्बोधन देते हुए कहा कि इंदौर दुग्ध संघ लगातार अपने व्यवसाय में लगातार वृद्धि कर रहा है। वर्ष 2024-25 में 707.34 करोड़ वार्षिक टर्नओवर रहा। जिसमें दुग्ध संघ को 20 करोड़ 54 लाख 27 हजार का शुद्ध लाभ अर्जित किया।**



दुग्ध संघ का कार्य क्षेत्र 9 जिलों में संचालित है। वर्ष 2024-25 में 1523 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के द्वारा 2.93 लाख किलो ग्राम प्रति दिन संकलित किया गया। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने वार्षिक उद्बोधन में वर्ष 2025-26 में संघ द्वारा निर्धारित किये गये लक्ष्यों के बारे में भी बताया गया। इस वर्ष 550 नवीन दुग्ध सहकारी समितियों का गठन एवं 250 का अकार्यरत दुग्ध समितियों को पुर्नगठित करने के अलावा 240 समितियों को सुदृढ़ीकरण करने और कुल 2323 समितियों से 4.11 लाख किलो ग्राम प्रति दिन दुध संकलन का लक्ष्य रखा गया है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने दुग्ध समितियों के सदस्यों से कहा कि यह वर्ष हम अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मना रहे है। अगले 5 वर्षों में हमने 20 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व में 30 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन भारत करता है, जिसमें मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका में है।

दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलवीर शर्मा ने साधारण सभा में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाते हुए 13 अप्रैल से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और इंदौर दुग्ध संघ के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत दुग्ध संघ प्रबंधन एवं संचालन प्रारंभ किया गया है। अब इसे नया रूप देते हुए साँची को री ब्रांडिंग कर टॉप ऑफ द माइंड करने की योजना बनाई है। जल्द ही साँची अपने नए उत्पादों के साथ फिर से बाजार में उतरेगा। दुग्ध के सीईओ श्री शर्मा ने प्रतिनिधियों के समक्ष वार्षिक साधारण सभा की सूची रखी। इस सूची पर सदस्यों से सर्वानुमति से अनुमोदन प्राप्त किया।

वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर प्रबंधकारिणी के डॉ. बिल्सन डाबर, संयुक्त संचालक, पशुपालन एव डेयरी विभाग इंदौर संभाग इंदौर श्री बीएल मकवाना, संयुक्त आयुक्त सहकारिता इंदौर संभाग श्रीमती नीलम नीनामा, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, वित्त विभाग इंदौर संभाग श्री दिनेश पटेल, अध्यक्ष प्रबंध समिति सदस्य श्रीमती सपना विष्णु पटेल, प्रबंध समिति सदस्य एवं एमपीसीडीएफ भोपाल के प्रतिनिधि डॉ. शुभांकर नन्दा उपस्थित थे। इसके साथ ही दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री मोतीसिंह पटेल, श्री उमराव सिंह मौर्य एवं पूर्व संचालकगण भी उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों को देखने निगम आयुक्त मैदान में उतरे




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों को देखने के लिए नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव मंगलवार को मैदान में उतरे। उन्होंने कई जगह देखीं और जहां कमियां मिलीं उसे सुधारने को कहा। बता दें कि निगमायुक्त लगातार शहर की सफाई व्यवस्था के साथ ही निर्माण कार्यों को देखने के लिए जा रहे हैं।**

निगमायुक्त यादव ने मालवा मिल में बन रहे ब्रिज के निर्माण काम को देखा। इस दौरान उन्होंने बचे हुए काम को जल्द पूरा करने के लिए कहा। साथ ही पुल के पास दीवार बनाने को भी बोला। इसके बाद उन्होंने मालवा मिल, राजकुमार ब्रिज, चिमनबाग चौराहा, स्मृति टॉकीज, सुभाष मार्ग का दौरा किया। अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर से सुभाष मार्ग रोड बनाने, सीवरेज, पानी की सप्लाई, काम के टेंडर, रोड बनाने में आने वाली दिक्कतों के बारे में डिटेल जानकारी ली। सुभाष मार्ग, जूना रिसाला और जिंसी चौराहा इलाके में पहुंचे निगमायुक्त ने आसपास पाइप और ग्रीन वेस्ट, अटाला पड़ा होने पर नाराजगी जाहिर की और तत्काल सफाई करने को कहा। यहां से वे बड़ा गणपति, गणेशगंज रोड, राजमोहल्ला, गंगवाल बस स्टैंड चौराहा, लाबरिया भेरू, चंदन नगर से फूटी कोठी रोड की व्यवस्था देखने पहुंचे। इसके बाद सिरपुर तालाब पर बन रहे 20 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट को देखा और प्लांट के बारे में पूरी जानकारी ली। यहां निगमायुक्त ने पूछा कि एसटीपी प्लांट में किन-किन इलाकों से सीवरेज का वाटर आएगा, कितना ट्रीट होगा, कहां पर छोड़ेंगे, ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल कैसे करेंगे। अधिकारियों ने पूरी जानकारी दी। सिरपुर तालाब रामसर साइट अंतर्गत बन रहे इंटरपिटीशन सेंटर को भी देखा और बाकी रहे काम को जल्द पूरा करने को बोला। निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अभय राजनगांवकर, नरेंद्र नाथ पांडे और विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने वृद्धा को हाथों-हाथ सुनने की मशीन दी

### दिव्यांग खिलाड़ियों की भी मदद की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा ने मंगलवार को एक वृद्धा की शिकायत पर तत्काल मदद की। उन्होंने शिकायत मिलते ही कान में सुनने की मशीन मंगवाई और उसे अपने ही सामने लगवा भी दिया। बुजुर्ग महिला अंबिका वर्मा ने बताया कि वे अपने बेटों और बहुओं से परेशान है। बातचीत में कलेक्टर वर्मा को महिला की सुनने की क्षमता कम दिखाई दी। पूछा कि उन्हें सुनने में समस्या आती है? महिला ने बताया कि हां, मुझे सुनने में भी परेशानी आती है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने तुरंत ही श्रवण यंत्र मंगाकर महिला को उपलब्ध कराया।**





कलेक्टर शिवम वर्मा ने महिला को आश्वस्त किया कि उसकी मूल समस्या का भी निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक आवेदन को दर्ज किया जाए। आवेदकों को बैठाकर समस्याएं सुनकर निराकरण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में असरावद खुर्द की कॉलोनी सैटेलाइट वैली के आवेदक भी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्होंने प्लॉट लिया है और अभी भवन निर्माण की अनुमति नहीं मिल रही है। विकास भी नहीं हो रहा है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर गौरव बैनल को दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नवजीवन पंवार, रोशन राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। दिव्यांग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर रेडक्रॉस निधि से विशेष तरह की व्हील चेयर की मदद की गई है। इंदौर के राष्ट्रीय स्तर के 5 दिव्यांग खिलाड़ियों को व्हील चेयर वितरित की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वे दिव्यांगों के लिए 7 से 12 अक्टूबर तक गोवा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जा रहे हैं। वहां हम इंदौर का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर गौरव बेनल, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, सहायता संस्था के डॉ. अनिल भंडारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# नेता प्रतिपक्ष व पार्षदों ने निगमायुक्त से मुलाकात की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मंगलवार को नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे कांग्रेस पार्षद दल के साथ नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने शहर की प्रमुख समस्याओं को उनके सामने रखा और जल्द समाधान की मांग की।**



आयुक्त ने भरोसा दिलाया कि सभी मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि आज नगर निगम आयुक्त से मुलाकात की है। काम के विषय में उनसे बातचीत की है। कहीं ना कहीं पूरे शहर में गड्ढे हो रहे है। आगामी दिनों में दीपावली का त्योहार आ रहा है। नगर निगम और पार्षदों के लिए ये बड़ा टास्क है कि दीपावली के पहले शहर की सड़कों को गड्ढों से मुक्त कराया जाए। इसलिए उनसे निवेदन किया है कि इसके लिए युद्ध स्तर की प्लानिंग कर सड़कों के गड्ढों को भरा जाए ताकि शहर सुंदर और व्यवस्थित दिखे। चौकसे ने निगमायुक्त से कहा कि नगर निगम में चारों तरफ भ्रष्टाचार फैला हुआ है। इसलिए नगर निगम को सीसीटीवी कैमरों से लेस किया जाए। निगम का कोई ऐसा कमरा ना बचे, जहां सीसीटीवी कैमरे ना हो। जोनल ऑफिस में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

# खजुराहो में ओबेरॉय समूह आरंभ करेगा पांच सितारा राजगढ़ पैलेस होटल

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को शुभारंभ के लिए किया आमंत्रित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो के राजगढ़ पैलेस में ओबेरॉय समूह द्वारा द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस होटल आरंभ करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश के प्रतिष्ठित होटल समूह द्वारा आरंभ किए जा रहे पांच सितारा लग्जरी होटल से प्रदेश में पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। देश के साथ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक भी हमारी समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर और वन्य प्राणी पर्यटन की ओर आकर्षित होंगे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास आये ओबेरॉय समूह के श्री अर्जुन ओबेरॉय तथा श्री शंकर से चर्चा के दौरान यह बात कही। अपर मुख्य सचिव पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ओबेरॉय समूह के प्रतिनिधियों ने द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस होटल के शुभारंभ के लिए आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा राजगढ़ पैलेस के नवीनीकरण और जीर्णोद्धार कर उसे पांच सितारा होटल के रूप में संचालित करने के लिए ओबेरॉय समूह को लीज पर दिया गया है। द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस चंद्रनगर के पास मानगढ़ और मनियागढ़ की पहाड़ियों के मध्य हर-भरे बगीचों के बीच स्थित है। बुन्देला राजवंश द्वारा निर्मित 350 साल पुराना यह महल भारतीय स्थापत्य और पारम्परिक बुंदेलखंड की विशेषताओं का मिश्रण है। द ओबेरॉय समूह द्वारा विकसित राजगढ़ पैलेस होटल में महलनुमा रेस्टोरेंट, भव्य बैंक्वेट हॉल सहित 66 भव्य कक्ष उपलब्ध हैं। यह कॉर्पोरेट आयोजनों, डेस्टीनेशन वेंडिग्स, सामाजिक समारोह आदि के लिए आदर्श स्थान के रूप में स्थापित होगा।

# नवरात्र भंडारा जीमने आए एक दर्जन श्रद्धालुओं को बस ने रौंदा

## गंभीर रूप से घायल हुए पांच लोग




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।**सिहोरा थानान्तर्गत मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे हुए इस हादसे में यात्री बस ने स्टेडियम के पास गौरी तिराहा के समीप आयोजित भंडारे में शामिल एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं को कुचल दिया। इसी दौरान बस में फंसकर मोटर साइकिल सवार युवक लगभग 100 मीटर तक घसीटता हुआ चला गया। घटना में गंभीर रूप से घायल पांच व्यक्तियों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल जबलपुर रैफर किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवरात्र पर्व के कारण सिहोरा के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित था। बस क्रमांक 49 पी 0261 का चालक सिहोरा के अंदर जा रहा था। ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने तेज रफ्तार से बस भगा दी। चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए गौरी तिराहे के समीप स्टेडियम के पास आयोजित भंडारे में शामिल होने आए लगभग दर्जनभर श्रद्धालुओं को टक्कर मारते हुए भागने का प्रयास किया। इस घटना में पांच व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रैफर किया गया है। शेष घायलों को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। पुलिस ने बस को जब्त करते हुए चालक को अभिरक्षा में लिया है। घटना की जानकारी मिलने पर देर रात जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। घायलों में रोली सोनी, ममता कोल, खुशबू वंशकार, वंदना वर्मन, संध्या चौधरी, शिखा चौधरी, कैलाश चौधरी, मनीष दाहिया, कोदू लाल बर्मन और सोहन लाल आदि शामिल हैं। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने बस में तोड़फोड़ करते हुए चालक के साथ मारपीट की। नो-एंट्री में घुसी बस के तांडव से लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। इस घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त था। उनका आरोप था कि नो-एंट्री में भारी वाहनों का सिर्फ कागजी प्रतिबंध है। पुलिसकर्मियों के तैनात होने के बावजूद भी बस नो-एंट्री में घुस गई, जबकि क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों तक को पुलिस प्रवेश नहीं करने देती है।

# अरविंद शर्मा बने विधानसभा के नए प्रमुख सचिव

## मानवाधिकार आयोग में सदस्य बने एपी सिंह को विदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय में बड़ा बदलाव हुआ है। अरविंद शर्मा को विधानसभा का नया प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। वे एपी सिंह का स्थान लेंगे, जो लगभग एक दशक तक इस पद पर बने रहे और मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के बाद एपी सिंह को मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग में प्रशासनिक सदस्य के रूप में नई जिम्मेदारी निभाएंगे। इस संबंध में राज्य सरकार जल्द आदेश जारी करेगी।**

### एपी सिंह का कार्यकाल रिकॉर्ड बना

बता दें, एपी सिंह 2016 से विधानसभा के प्रमुख सचिव थे




और उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद दो बार सेवावृद्धि मिली। लगातार 10 वर्षों तक इस पद पर बने रहना विधानसभा सचिवालय के इतिहास में एक रिकॉर्ड माना जा रहा है। हालांकि, उनकी नई नियुक्ति को लेकर राजनीतिक विवाद भी सामने आया है। चयन समिति की बैठक में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि कांग्रेस इस नियुक्ति के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी।

### लोकसभा के निदेशक रह चुके हैं शर्मा

नए प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा पहले लोकसभा में निदेशक के पद पर कार्य कर चुके हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उनके नाम पर सहमति जताई है। तोमर के विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद शर्मा की सेवाएं विधानसभा सचिवालय में ली गई थीं। अब उन्हें विधानसभा सचिवालय की सर्वोच्च प्रशासनिक जिम्मेदारी मिल गई है।

### एपी सिंह के सम्मान में विदाई

विधानसभा सचिवालय में मंगलवार को एपी सिंह के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। रिटायरमेंट से एक दिन पहले सोमवार को पूर्व विधायक मंडल ने भी सिंह का सम्मान किया था। एपी सिंह ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि विधानसभा के साथ काम करना उनके लिए गौरव की बात रही। वहीं, अरविंद शर्मा के कार्यभार संभालने के साथ ही विधानसभा सचिवालय में प्रशासनिक कार्यों की नई दिशा तय होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# 6 माह से फरार वन्य प्राणी तस्कर तौकीर गिरफ्तार

## 3 आरोपी अब भी फरार, टीला जमालपुरा पुलिस की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। टीला थाना पुलिस ने वन्य प्राणी तस्करी के मामले में छह माह से फरार चल रहे मुख्य आरोपी और शिकारी तौकीर हसन (35), निवासी बीडीए कॉलोनी, टीला जमालपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर सांभर और काले हिरण के शिकार का गंभीर आरोप हैं। मामले में अन्य तीन आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं।**

### वन्य प्राणी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

मई 2025 में तवा पट्टी वन क्षेत्र में आरोपियों ने अवैध शिकार की वारदात की थी। शिकारी



गिरोह ने सांभर (जो संरक्षित वन्य प्राणियों की प्रथम श्रेणी में आता है) को गोली मारकर गिराया और फिर धारदार हथियार से उसका गला काट दिया था। तभी वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन सभी आरोपी फरार हो गए। इसके बाद से पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी तौकीर हसन पर कार्रवाई करते हुए केस डायरी सहित वन विभाग को सौंप दिया गया। अब मामले की आगे की जांच वन विभाग करेगा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी टीला निरीक्षक डी.पी. सिंह के नेतृत्व में उनि. साबिर खान, सउनि. मुबारिक खान, प्रआर जगत सिंह, नरेश कुमार, आरक्षक अनिकेत और मुकेश की अहम भूमिका रही।

# बिजली गिरने से 8 महिलाएं-बच्चियां झुलसी

**सतना, एजेंसी।** जिले के लालपुर गांव में मंगलवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से देवी मंदिर में पूजा कर रही आठ महिलाएं और बच्चियां झुलस गई। हादसे में एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसका इलाज मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। मध्यप्रदेश में मंगलवार को भोपाल, ग्वालियर-जबलपुर समेत 10 जिलों में बारिश हुई। बैतूल में डेढ़ इंच पानी गिर गया। बालाघाट के मलाजखंड में सवा इंच, दतिया में आधा इंच से ज्यादा और ग्वालियर में आधा इंच बारिश हुई। भोपाल, जबलपुर, सागर, डिंडौरी, मुरैना में भी बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, 1 अक्टूबर से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है।

## संपादकीय

# संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता रहा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को अभी सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा में कई लोग सहयोगी और सहभागी रहे हैं। सामान्य जनों का समर्थन उसका सुखद पक्ष रहा। आज जब शताब्दी वर्ष में सोचते दत्तात्रेय होसबाले हैं तो ऐसे कई प्रसंग और लोगों का स्मरण आता है, जिन्होंने इस यात्रा की सफलता के लिए स्वयं सब कुछ समर्पित कर दिया। स्वयंसेवकों के परिवार ही संघ कार्य संचालन के केंद्र रहे। सभी माता भगिनियों के सहयोग से ही संघ कार्य को पूर्णता प्राप्त हुई। प्रारंभिक काल के वे युवा कार्यकर्ता एक योद्धा की तरह देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर संघ कार्य के लिए देशभर में निकल पड़े। अप्पाजी जोशी जैसे गृहस्थ कार्यकर्ता हों या प्रचारक स्वरुप में दादाराव परमार्थ, बालासाहब व भाऊराव देवरस बंधु, यादवराव जोशी, एकनाथ रानडे आदि लोग डॉक्टर हेडगेवार जी के सान्निध्य में आकर संघ कार्य को राष्ट्र सेवा का जीवनव्रत मानकर जीवन पर्यंत चलते रहे। संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता रहा। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरुप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई। स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में अधिकतम लोग अनपढ़ हैं, अंग्रेजी तो जानते ही नहीं है, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुंचेंगी? उन्होंने कहा कि जैसे चीटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेजी सीखने की जरुरत नहीं है, वैसे ही मेरे भारत के लोग अपने आध्यात्मिक ज्ञान के चलते किसी भी कोने में चल रहे सात्विक कार्य को तुरंत समझ जाते हैं। इसलिए वे मेरी बात समझ जाएंगे। यह बात सत्य सिद्ध हुई। स्वयंसेवकों के परिवार ही संघ कार्य संचालन के केंद्र रहे। सभी माता भगिनियों के सहयोग से ही संघ कार्य को पूर्णता प्राप्त हुई। दत्तोपंत ठेंगड़ी या यशवंतराव केलकर, बालासाहेब देशपांडे तथा एकनाथ रानडे, दीनदयाल उपाध्याय या दादासाहेब साहेब आपटे जैसे लोगों ने संघ प्रेरणा से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में संगठनों को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई। समाज की बहनों के मध्य इसी राष्ट्र कार्य हेतु राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से मौसी जी केलकर से लेकर प्रमिलाताई मेढ़े जैसी मातृसमान हस्तियों की भूमिका इस यात्रा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

## OSHO कहिन

**"जब आप खुद को स्वीकार करते हैं, तो दुनिया भी आपको खुशी देने लगती है।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# सोना उगल रहा यह समुद्र...

## चमचमाते सिक्के, झुमके और जेवरात देख चौंके एक्सपर्ट



इजरायल में गैलिली सागर के पास 1,400 साल पुराने सोने के सिक्कों और आभूषणों के दुर्लभ भंडार की खोज हुई है। पुरातत्वविदों ने बताया है कि खोजे गए सिक्के बीजान्टिन युग के हैं। खोजे गए भंडार में 97 शुद्ध सोने के सिक्के और दर्जनों आभूषण शामिल हैं। इनमें मोती, अर्ध-कीमती पत्थरों और कांच जड़े झुमके शामिल है। एक्सपर्ट की टीम को यह खजाना हिप्पोस (सुसीता) के प्राचीन शहर की खोज के दौरान मिला, जो इजरायल के नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स की ढलानों पर स्थित है।

हाइफा विश्वविद्यालय के पुरातत्वविद् माइकल इसेनबर्ग ने लाइव साइंस को बताया कि यह उस काल के पांच सबसे बड़े स्वर्ण भंडारों में से एक है, जो अभी तक इस क्षेत्र में पाए गए हैं। हिप्पोस में अब तक ज्ञात यह अपनी तरह का पहला भंडार है। आभूषणों और छोटी मुद्राओं के मिलने से यह मुद्राशास्त्रीय रूप से भी महत्वपूर्ण हो गया है। यह खजाना इजरायल के लिए काफी अहम साबित हो सकता है।

### ◆ कैसे हुई ये अहम खोज

एक्सपर्ट एडी लिप्समैन ने जुलाई में एक बड़े पत्थर और दो प्राचीन दीवारों के पास से गुजरते हुए इस भंडार की खोज की। लिप्समैन ने बताया है कि एक मेटल उपकरण की बीप से उनको इसका अहसास हुआ। एडी ने कहा कि पहले तो उन्हे यकीन ही नहीं हुआ कि यहां कोई खजाना हो सकता है। हालांकि जब जांच की गई तो एक के बाद एक सोने के सिक्के निकलने लगे।

इन सिक्कों पर अलग-अलग सम्राटों के चित्र अंकित हैं। ये बीजान्टिन सम्राट जस्टिन प्रथम (518 से 527) के शासनकाल से सम्राट हेराक्लियस के शुरुआती काल (610 से 613) तक के हैं। खोजे गए कुछ सिक्कों पर कपड़े के अवशेष भी मिले हैं। इससे पता चलता है कि यह खजाना कभी कपड़े में लिपटा हुआ होगा, जब इसे संभाल कर रखा गया होगा।

### ◆ एक्सपर्ट ने जताई बड़ी उम्मीद

इसेनबर्ग ने अपने बयान में कहा कि जब आपको 1,400 साल पुराने सिक्के और आभूषण मिलते हैं, जो नए जैसे दिखते हैं तो यह शानदार अनुभव होता है। इनमें से एक ट्रेमिस विशेष रूप से दुर्लभ है। इसे 610 में साइप्रस में सेनापति हेराक्लियस एल्डर और उनके पुत्र ने ढाला था, ये दोनों सम्राट फोकस के विरुद्ध विद्रोह कर रहे थे। छोटे हेराक्लियस ने विजय प्राप्त की और बीजान्टिन हेराक्लियन राजवंश की स्थापना करते हुए 610 से 711 तक शासन किया।

सिक्का विशेषज्ञ डैनी सायन का कहना है कि यह एक दुर्लभ खोज है। यह उस काल के राजनीतिक और आर्थिक इतिहास की समझ में महत्वपूर्ण योगदान देती है। हालांकि यह अज्ञात है कि इस खजाने को क्यों दफनाया गया था। इतिहास बताता है कि सातवीं शताब्दी के दौरान हिप्पोस एक अशांत क्षेत्र था। इस क्षेत्र में बाहरी सैन्य आक्रमणों की वजह से ही स्थानीय लोगों ने अपनी संपत्ति छिपाई होगी।

New Delhi

# आरबीआई एमपीसी ने रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा, जस की तस रहेगी आपके लोन की ईएमआई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट को 5.5% प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी। आरबीआई गवर्नर ने कहा है कि अनुकूल मानसून, कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक नरमी से आर्थिक वृद्धि की संभावना मजबूत बनी हुई है।

आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसलों का एलान करते हुए कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से महंगाई पर मजबूत असर पड़ेगा। इसके साथ ही साथ ही उपभोग और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि एमपीसी ने मौद्रिक नीति रुख को 'तटस्थ' पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। अक्तूबर महीने की एमपीसी बैठक के फैसलों के बारे में बताते हुए केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घरेलू आर्थिक गतिविधियां गतिमान बनी रहेंगी। हालांकि उन्होंने आशंका जताई कि टैरिफ संबंधी घटनाक्रम से इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में विकास दर में कमी आ सकती है। मल्होत्रा ने बताया कि जीएसटी और अन्य सुधार आर्थिक विकास पर बाहरी कारकों के प्रभाव को कुछ हद तक कम कर देंगे।




Uttarpradesh

## 75 साल का दूल्हा, 35 की दुल्हन और कोर्ट मैरिज...

# सुहागरात में संगरू राम की चली गई जान, परिजनों ने रोका अंतिम संस्कार




**जौनपुर, (एजेंसी)** जौनपुर के गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र का कुछमुछ गांव चर्चा में है. छोटे से गांव की तंग गलियों और खेतों में उसी घटना की बातें हो रही हैं, जिसने लोगों को हैरान कर दिया. यह कहानी है 75 वर्षीय संगरू राम और 35 वर्षीय मनभावती की, जिनकी शादी सोमवार को हुई थी. शादी के अगले ही दिन दुखद घटना हो गई.

संगरू राम की जिंदगी लंबे समय से अकेले ही चल रही थी. उनकी पत्नी की एक साल पहले मौत हो चुकी थी, कोई संतान भी नहीं थी. खेती-बाड़ी करके जीवन यापन करने वाले संगरू राम के परिवार के बाकी लोग दिल्ली में रहकर कारोबार करते हैं. गांव वाले संगरू राम को एक सादगी भरे और अकेले रहने वाले बुजुर्ग के तौर पर जानते थे, जिनकी आंखों में जिंदगी के अनुभवों की झलक थी. बीते कुछ दिनों से संगरू राम दूसरी शादी करने की बात करने लगे. गांव के लोगों को जब इस बारे में पता चला तो उन्होंने 75 साल के संगरू राम को समझाने की कोशिश की. दरअसल, लोगों को इस उम्र में दूसरी शादी को लेकर आशंकाएं थीं, तो उन्हें समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन संगरू राम ने इस मामले में किसी की भी बात मानने से इनकार कर दिया. आखिरकार, उन्होंने जलालपुर इलाके की रहने वाली 35 साल की मनभावती से कोर्ट मैरिज की. यह मनभावती की भी सेकंड

Rajasthan

# महिलाओं के खिलाफ अपराध में राजस्थान देश में तीसरे नंबर पर

**जयपुर, (एजेंसी)** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 448211 मामले दर्ज किए गए। इसमें पिछले दो वर्षों की तुलना में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। राजस्थान में 45450 मामले दर्ज होकर यह राज्य महिलाओं के खिलाफ अपराध में तीसरे स्थान पर रहा। गहलोत राज में महिलाओं के खिलाफ अपराध के इन आंकड़ों पर विपक्ष की ओर से कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अपने शासनकाल में दस फीसदी तक अपराध कम होने की बात कही है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रति लाख महिला जनसंख्या पर अपराध दर 66.2 रही। इस तरह अपराध दर के मामले में राजस्थान 114.8 के साथ तेलंगाना (124.9) के बाद दूसरे स्थान पर रहा। वहीं महिलाओं के खिलाफ अपराध मामलों में राज्यों में उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 66381 मामले आए, उसके बाद महाराष्ट्र में 47101 और राजस्थान में 45450 मामले दर्ज हुए।

Jharkhand

# जमशेदपुर में चोरी कर रहा था 26 महिलाओं का गैंग, पुलिस ने होटल से सबको दबोचा

**जमशेदपुर, (एजेंसी)** जमशेदपुर के बिष्टूपुर पुलिस ने दुर्गा पूजा की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी करने वाली महिलाओं के गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने 26 महिलाओं को हिरासत में लिया है, जो शहर में दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ में चोरी की घटनाओं को अंजाम देती थीं। ये सभी महिलाएं पश्चिम बंगाल के हुगली की रहने वाली हैं और सोमवार को ही ट्रेन से शहर पहुंची थीं। सभी जुगसलाई के एक होटल में ठहरी थीं। होटल से गैंग की महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भीड़ में लोगों के पर्स, मोबाइल और चेन की चोरी करती थीं। पुलिस ने इनके पास से चोरी के कई सामान भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह बिष्टूपुर थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी में एक महिला की चेन चोरी हो गई थी। महिला ने थाना में शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

सूत्रों के अनुसार, यह गैंग पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के शहरों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। दुर्गा पूजा के दौरान यह गैंग सक्रिय रहता है और भीड़ का फायदा उठाकर लोगों के सामान की चोरी करता है। विजयदशमी के बाद यह गैंग वापस लौट जाता है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस गिरोह की महिलाओं तक पहुंची और जुगसलाई स्थित होटल पहुंचकर सभी को पकड़ लिया। थाना में सभी से पूछताछ की जा रही है।

जमशेदपुर के आजादनगर में मंगलवार दोपहर तीन युवकों ने आइसक्रीम बेचने वाले से करीब 1500 रुपये नकद और मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भाग रहे तीन में से दो आरोपियों को दबोच लिया।

खेल

# महिला विश्व कप में भारतीय टीम की जीत से शुरुआत श्रीलंका को हराया, दीप्ति का ऑलराउंड प्रदर्शन



**गुवाहाटी, (एजेंसी) दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने वनडे विश्व कप के पहले मैच में श्रीलंका को डकवर्थ लुईस नियम से 59 रनों से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीप्ति और अमनजोत कौर के अर्धशतकों की मदद से 47 ओवर में आठ विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 45.4 ओवर में 211 रन पर ऑलआउट हो गई। दीप्ति ने बल्ले के बाद गेंद से भी दमदार प्रदर्शन किया और तीन विकेट झटके।**

भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी में खेले गए इस मैच में बारिश ने भी खलल डाला और दो बार मैच को रोकना पड़ा। बारिश के कारण खेल रुकने के कारण मैच में दो बार ओवरों में कटौती की गई। बारिश के कारण खेल 48-48 ओवर का कराने का फैसला किया गया। इसके बाद इसमें एक ओवर की और कटौती की गई और मुकाबला 47-47 का हुआ। डीएलएस के जरिये लक्ष्य संशोधित किया गया और श्रीलंका टीम को 271 रन बनाने थे। हालांकि, दीप्ति की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से श्रीलंका लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। भारतीय महिला टीम ने इस तरह वनडे विश्व कप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने बनाए जिन्होंने 43 रनों की पारी खेली। वहीं, निलाक्षी डि सिल्वा ने 35, हर्षिता समरविक्रमा ने 29 और अचिनी कुलासूर्या ने 17 रन बनाए। श्रीलंका टीम ने शुरुआत अच्छी की थी, लेकिन पहला झटका लगने के बाद ही उसकी लय गड़बड़ा गई और भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को दबाव में डालने का कोई मौका नहीं छोड़ा। भारत की ओर से दीप्ति के अलावा स्नेह राणा और श्री चरनी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि क्रांति गौड़, अमनजोत कौर और प्रतिका रावल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, श्रीलंका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत ने दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर के अर्धशतकों की मदद से श्रीलंका के सामने महिला वनडे विश्व कप के मुकाबले में चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। भारत के लिए अमनजोत ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि दीप्ति ने 53 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने स्मृति मंधाना का विकेट जल्द ही गंवा दिया जो आठ रन बनाकर हुईं। इसके बाद प्रतिका रावल ने हरलीन देओल के साथ मिलकर पारी संभाली, लेकिन प्रतिका के आउट होते ही भारतीय पारी एक बार फिर लड़खड़ा गई। भारत ने फिर नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 124 रन हो गया। इनोका रानावेरा ने एक ही ओवर में भारतीय टीम को तीन झटके दिए। भारत की पारी का 26वां ओवर डालने आईं रानावेरा ने पहले हरलीन को आउट किया और फिर अगली ही गेंद पर जेमिमा को बोल्ड किया।

सिनेमा

# भारी पड़ी दीपिका पादुकोण



इंडियन सिनेमा के 25 सालों पर इंटरनेट मूवी डेटाबेस (IMDb) ने एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में साल 2000-2025 तक की पॉपुलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। दीपिका पादुकोण ने पॉपुलैरिटी और सर्च के मामले में तीनों खान को पीछा छोड़ा दिया है। टॉप टेन की लिस्ट में नंबर एक पर दीपिका पादुकोण हैं। दूसरे नंबर पर शाहरुख खान हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन को तीसरा और आलिया भट्ट को चौथा स्थान मिला है। पांचवें नंबर पर दिवंगत एक्टर इरफान खान का नाम है। आमिर को लिस्ट में छठे नंबर पर रखा गया है। वहीं, दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत सातवें, सलमान खान आठवें और ऋतिक रोशन को नौवां स्थान मिला है। लिस्ट में दसवें नंबर अक्षय कुमार का नाम है।

## Highlights

1. Bengaluru-Mysuru bus fares hiked for Dasara festival till Oct 8
2. KDA refuses talks with Centre until Sonam Wangchuk is freed
3. Who is Felix Gerald? Tamil YouTuber held over Karur stampede video
4. CPI leader Raja slams 'Naxal Mukt Bharat' slogan, calls for talks

# Shriram Finance eyes stake sale to MUFG in $2.6-billion deal: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Mitsubishi UFJ Financial Group is in advanced talks to take a 20% stake in Shriram Finance Ltd. for about $2.6 billion, the Economic Times reports, citing unidentified people familiar with the matter.

Both sides have signed an exclusivity agreement on negotiations, according to the publication. MUFG's investment will be through a primary issuance via a preferential allotment and will not entail any secondary sale of shares, the Economic Times said.

Any deal by Japan's biggest lender would follow moves by its rivals to expand in India, where banks have focused on as a growth



market. Sumitomo Mitsui Financial Group Inc.'s banking unit agreed in May to buy a 20% stake in Indian lender Yes Bank Ltd. for about $1.58 billion, marking the biggest foreign investment in the country's banking sector.

MUFG may look to take a higher stake in Shriram Finance, even a controlling interest, over time, according to the Economic Times. Both lenders didn't respond to queries by the publication.

# From Tata Capital to LG, India set for biggest-ever IPO month with $5 billion in deals

**NEW DEIHI, (Agency).** India's initial public offering market is set for a record October, with companies expected to raise over $5 billion, highlighting strong investor appetite in one of the world's busiest equity hubs.

Big-ticket deals, including billion-dollar offerings from Tata Capital Ltd. and LG Electronics Inc.'s local unit, are boosting confidence that India's $5 trillion stock market can absorb large issuance, even as US tariffs and weak earnings leave equities trailing other Asian markets.

The rush is being fueled by strong inflows from domestic mutual funds, which have helped offset foreign outflows and turned India into a bright spot for bankers in an uncertain global economy.



Firms including Jefferies Financial Group and JPMorgan Chase & Co. are betting momentum will carry forward from last year, when Indian IPOs raised a record $21 billion. "Cash holdings by mutual funds, continuously buttressed by consistent domestic flows, have whetted investors' appetite and positioned the market to absorb such substantial fundraising," said Dhiraj Relli, managing director of HDFC Securities Ltd. in Mumbai. The pipeline is packed. WeWork India Management Ltd. will launch its 30 billion rupee ($338 million) IPO on Oct. 3, followed by Tata Capital's 155 billion rupee share sale on Oct. 6. LG Electronics' Indian unit is expected to raise about 115 billion rupees that week, Bloomberg News has reported. Other deals may follow. Pine Labs Ltd., a digital payments provider, plans to raise as much as 60 billion rupees later in October, while Canara HSBC Life Insurance Co. is preparing a 25 billion rupee IPO, people familiar with the matter said. ICICI Prudential Asset Management Co. is awaiting regulatory approval for its public issue, which may be launched at the end of October. "As India is seen largely as a tariff-resilient and demand-driven market, IPOs of scale and quality will continue to attract strong interest," said Ranvir Davda, co-head of investment banking at HSBC Securities and Capital Markets (India) Pvt.

# 50 हजार की रिश्वत लेते निलंबित बाबू पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए नायब तहसीलदार के बाबू (निलंबित), वर्तमान अटैच तहसील कनाडिया को पकड़ा। जमीन नामांतरण के नाम पर उन्होंने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। बाबू इतना शातिर था कि उसने फरियादी को रिश्वत की राशि लेकर बुलाया और अपने टेबल के दराज में रखवा लिए। मगर लोकायुक्त की टीम ने बाबू को रंगेहाथ पकड़ लिया।



इंदौर लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के मुताबिक आवेदक एडवोकेट कृष्ण कुमार डांगी ने मामले की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि उनकी विधवा बुआ भगवंती बाई निवासी ग्राम खराडीया की जमीन के नामांतरण के लिए बाबू नरेंद्र नरवरिया ने नायब तहसीलदार खुड़ैल दयाराम निगम के साथ मिलकर 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी है। इस शिकायत की जांच की तो ये शिकायत सही मिली। मंगलवार को लोकायुक्त के ट्रैप दल ने निलंबित सहायक ग्रेड-3 नरेंद्र नरवरिया को रिश्वत लेते पकड़ा। ट्रैप प्लान के तहत आवेदक 50 हजार रुपए की रिश्वत लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। नरवरिया ने रिश्वत की राशि अपने टेबल की दराज में रखवा ली। जैसे ही रिश्वत ली गई, आसपास तैनात ट्रैप दल ने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 और 13(1) के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार मौके पर उपस्थित नहीं थे। ट्रैप दल में डीसीपी सुनील तालाना, इंस्पेक्टर आशुतोष मिठास, सब-इंस्पेक्टर रहीम खान, प्रधान आरक्षक प्रमोद यादव, आरक्षक आदित्य भदौरिया, राकेश मिश्रा, आशीष नायडू, आशीष आर्य और शैलेंद्र बघेल शामिल थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक